निबंधन एवं शर्तें
कनिष्ठ परामर्शदाता-एस.एन.ए प्रभाग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर है। संविदा की अवधि आवश्यकता अनुसार और उम्मीदवार के संतोषजनक कार्य निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर समय-समय पर विस्तारित की जा सकती है।

भूमिका और कार्य दायित्व:

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी आ ई सी कार्यकलापों और समय-समय पर यथानिर्देशित सभी कार्यक्रमों का समन्वय और देखरेख।
- आई ई सी उत्पाद प्रसार के लिए मीडिया योजना सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आई ई सी सामग्री के विकास हेतु रचनात्मक इनपुट देना और हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आईईसी अभियानों के लिए संचार सामग्रियों में शामिल किए जाने के लिए आवश्यक मुख्य संदेशों के रचनात्मक विकास का निर्धारण करना एवं प्रारंभ करना।
- अन्य संचार अभियानों के लिए विशिष्ट अनुरोध के अनुसार विकसित की जाने वाली सामग्रियों को उपयुक्त रूप में मिलाने और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रोटोटाइप आर्टवर्क का सृजन करने पर सलाह देना।
- विकास भागीदारों के आई ई सी /बी सी सी कार्यकलापों की समीक्षा में समन्वय करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अभियानों के लिए फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया के लिए उपयुक्त रचनात्मक ग्राफिक्स और कंटेंट के विकास में समन्वय करना।
- वार्षिक रिपोर्ट, ई बुक, न्यूज़लेटर, रिपोर्टों आदि के विकास में समन्वय करना।
- यदि आवश्यकता हो तो संचार अभियानों /सामग्रियों के विकास के लिए सोशल मीडिया टीम के कार्य में समन्वय एवं देखरेख करना। इसमें रचनात्मक सामग्री विकास शोधन ग्राफिक डिजाइन तथा लेआउट से संबंधित मार्गदर्शन और देखरेख पहलू शामिल हैं।
- आईईसी /बीसीसी रिपोजिटरी को ऑनलाइन और एनआईएचएफडब्ल्यू के समन्वय में वह आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराना।
- जिन प्रदर्शनियों व्यापार मेलों, सूरजकुंड मेला जैसे मेलों में मंत्रालय समय-समय पर भाग लेता है उनमें आई ई सी कार्यकलापों के आयोजन में सहायता करना।
- आई ई सी / मीडिया एकक के समय-समय पर निर्देशित अन्य मीडिया /आईईसी से संबंधित कार्य।

पात्रता :

- किसी प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त संस्था से संचार में स्नातक तथा जनसंचार /जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री /डिप्लोमा।
- सार्वजनिक क्षेत्र /सामाजिक विकास क्षेत्र संचार में न्यूनतम दो या अधिक वर्षों का कार्य अनुभव। राष्ट्रीय या राज्य सरकारों के साथ कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- सोशल मीडिया मंच के प्राथमिकता वाले कार्यकलापों सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के हाल के आई ई सी कार्यकलापों से सुपरिचित हों।
- अत्यधिक मांग वाले माहौल में कार्य करने, शिक्षा जगत, बहुपक्षीय भागीदारों से संपर्क करने की क्षमता।
- संबंधित डेटा और प्रलेखों को खोजने के लिए एमएस वर्ड, एक्सल पावरप्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम रूप में प्रयुक्त होने वाले पैकेजों का उच्च स्तर का ज्ञान होने के साथ कंप्यूटर में दक्षता हो।
- अंग्रेजी तथा हिंदी में उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषक और अंतरवैयक्तिक क्षमताएं, उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार कौशल।
- यदि आवश्यकता पड़े तो देर तक और सप्ताहांत में कार्य करने के इच्छुक हों।

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 40 वर्ष और क्षेत्रगत दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो।
पारिश्रमिक सीमा: 40,000/- से रुपए 70000/- रुपए प्रतिमाह के बीच।
कार्य का स्थान: नई दिल्ली।
रिपोर्टिंग अधिकारी: मुख्य मीडिया / संयुक्त सचिव (एस एन ए)।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **5-Jun-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

केवल